# सामूहिक नकल करवाता एक स्कूल

## शिक्षक कर रहे थे पर्चा हल, बोर्ड में प्रश्नों के लिखा रहे थे उत्तर

**छपारा, देशबन्धु।** विकासखंड अंतर्गत आने वाले तुलफ रैयत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 5 वीं एवं 8 वीं की वार्षिक परीक्षा द्वितीय अवसर के परीक्षा केंद्र अध्यक्ष डीलन सिंह बिसेन और उनके सहयोगी साथी शिक्षकों द्वारा बच्चों को सामूहिक नकल कराई जा रही थीं।




सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग जिला सिवनी द्वारा अनुमति लेने के बाद हमारी टीम जब परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुलफ रैयत पहुंची तो पाया गया कि कक्षा 5 वीं एवं 8 वीं की वार्षिक परीक्षा द्वितीय अवसर की नियम विरुद्ध तरीके से संचालित की जा रही।

परीक्षा केन्द्राध्यक्ष डीलन सिंह बिसेन जो कि शासकीय माध्यमिक शाला बीजादेवरी में प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ है, के निर्देश पर सामूहिक नकल प्रथम दिवस से ही कराई जा रही है। ग्रीन बोर्ड और स्मार्ट पेनल में प्रश्नों के उत्तर हल करवाए, कुछ शिक्षक तो अपने हाथ से बच्चों की उत्तरपुस्तिका में प्रश्नों के उत्तर लिखते पाए गए।

परीक्षा केंद्र पर जितने शिक्षकों की ड्यूटी लगाई थी उससे अधिक शिक्षक परीक्षा केंद्र पर उपस्थित पाए गए जो कि शायद नकल करवाने में सहयोग कर रहे हों। श्री बिसेन के स्कूल का कक्षा 8 वी प्रथम अवसर का परीक्षा परिणाम छपारा विकास खंड में सबसे कम है, इसलिए बीआरसी छपारा द्वारा कुछ दिनों पहले उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र भी जारी किया गया था।

बताया जाता है कि श्री बिसेन स्वयं के स्कूल माध्यमिक शाला बीजादेवरी समय पर कभी नहीं पहुंचते है और सप्ताह में 2 या 3 दिन ही स्कूल जाते है और दूसरे स्कूलों के संस्था प्रमुखों की शिकायत करते रहते है, जिसके कारण माध्यमिक शाला बीजादेवरी का कक्षा 8 वी का परीक्षा परिणाम 15.79 प्रतिशत था जो कि छपारा विकासखंड में सबसे कम है।

इस कारण बिसेन ने द्वितीय अवसर की परीक्षा के लिए जनपद शिक्षा केंद्र छपारा में पदस्थ बीएसी घनश्याम सनोडिया और बीजादेवरी जनशिक्षक के साथ मिलकर स्वयं को उस परीक्षा केंद्र का केन्द्राध्यक्ष बनवा लिया, जहा उनके ही स्कूल के बच्चे परीक्षा दे रहे है, ताकि सामूहिक नकल करवा कर बच्चों को पास करवाया जा सके।

# उचित मूल्य की राशन दुकानों पर दलाल सक्रिय

**गोटेगांव, देशबन्धु।** स्थानीय नगर के सरकारी उचित मूल्य की दुकानों पर वितरण प्रक्रिया में अनियमितताओं के साथ-साथ अब कालाबाजारी की समस्या भी बढ़ती नजर आ रही है। राशनधारी का आरोप है कि राशन दुकानों पर दलालों का डेरा बना रहता है,जो राशनधारियों से सस्ते दामों पर राशन खरीदकर उसे ऊंचे दामों पर बेच देते हैं।

**दलालों की कालाबाजारी जारी** - वहीं कुछ राशनधारी ने बताया कि जैसे ही वे सरकारी दुकान से अपना राशन लेते हैं, दलाल तुरंत संपर्क करते हैं और उनसे कम दाम में राशन खरीदने का दबाव बनाते हैं। गरीब और जरूरतमंद लोग,जो आर्थिक मजबूरी के कारण नगद पैसों की आवश्यकता में रहते हैं, अक्सर इन दलालों के चंगुल में फंस जाते हैं। इसका नतीजा यह होता है कि बाजार में इस राशन की कालाबाजारी हो रही है,और जरूरतमंदों तक राशन पहुंचने का उद्देश्य विफल हो रहा है।




**कुछ अधिकारी और तुलैया राशन की कालाबाजारी में लिप्त** - यह समस्या न केवल जरूरतमंदों के हक को छीन रही है बल्कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी सवाल खड़ा कर रही है।

एक विश्वास सूत्र ने नाम ना छापने की शर्त पर चौंकाने वाला खुलासा किया बताया कि कई राशन केंद्र में तो स्वयं राशन की सप्लाई करने वाले अधिकारी और तुलैया,ही गरीबों का राशन खरीद रहे हैं।

वही बाहर खड़े दलालों को राशन बोरी में भरकर देना पड़ता है,लेकिन राशन कालाबाजारी में लिप्त यह अधिकारी गरीब राशन धारी से सिर्फ राशन की पर्ची लेकर और पैसे देकर राशनधारी को चलता कर डबल मुनाफा कमा रहे हैं,इसके बावजूद प्रशासन इस ओर कोई सख्त कदम नहीं उठा रहा है, जिससे यह मुद्दा नगर में जन चर्चा का विषय बना हुआ है।

### राशनधारी की शिकायत

एक राशनधारी ने बताया, हमारे पास राशन तो मिलता है, लेकिन कभी-कभी पैसे की तंगी की वजह से हम उसे बेचने पर मजबूर हो जाते हैं। दलाल इसे कम दाम पर खरीदते हैं और बाजार में ऊंचे दामों पर बेचकर मुनाफा कमाते हैं।

### कालाबाजारी रोकने की मांग

राशनधारी और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि राशन वितरण प्रक्रिया पर सख्त निगरानी रखी जाए, दुकानों के बाहर सक्रिय दलालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए,जरूरतमंदों को नकद सहायता देने के लिए वैकल्पिक योजनाएं शुरू की जाएं,राशन केंद्र पर कुछ अधिकारी और तुलैया राशन की कालाबाजारी में लिप्त है उनकी जांच कर कार्रवाई की जाए (

प्रशासन को चाहिए कि वह तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करे और उचित मूल्य की दुकानों को दलालों के प्रभाव से मुक्त कराए, ताकि गरीब और जरूरतमंदों को इस योजना का वास्तविक लाभ मिले और जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी इस ओर ध्यान दें।

## सार-समाचार

### थाना प्रभारी एवं स्टॉफ ने पौधरोपण कर लिया पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प

**चौरई, देशबन्धु ।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर गुरुवार को चौरई थाना परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किए गए एवं थाना प्रभारी गणपत उईके ने अपने सभी स्टॉप को संकल्प दिलाया कि जितने की पौधे लगाए जा रहे है उनकी देखरेख व सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए साथ ही अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की है। वृक्षों की कटाई पर लगना चाहिए रोक ......किए जाए पौधारोपण। थाना प्रभारी ने बताया कि आयदिन हो रही वृक्षों की कटाई से पर्यावरण पर हीन प्रभाव पड़ रहा है गर ऐसे ही कटाई एवं प्रदूषण बढ़ता रहा तो मनुष्यों का श्वास लेना भी मुश्किल हो जाएगा ,इसी लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना अति आवश्यक है अपितु हर एक व्यक्ति को पौधा लगाकर उसकी सुरक्षा का भी संकल्प लेना चाहिए।



### जैस और बॉयस के बीच खिताबी मुकाबला आज

**सिवनी, देशबन्धु।** जेएसपीएल टूर्नामेंट के 11वे दिन एमसीजी ग्राउंड पर दुधिया रोशनी में दो सेमीफइनल मैच खेले गए। पहले सेमीफइनल मैच जैस इलेवन और यलगार के मध्य हुआ। जैस के कप्तान अरुण यादव ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया यलगार ने निर्धारित 10 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 89 रन बनाकर 90 रन का लक्ष्य जैस इलेवन को दिया। यलगार की और से विजय माथुर ने 22 गेंद में 30 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जैस ने यह लक्ष्य 8. 1 ओवर मै 6 विकेट के नुकसान पर 90 रन बनाकर 4 विकेट से यह मैच जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। जैस इलेवन की ओर से ओम ने 13 गेंद मै 29 रनों की शानदार पारी खेली । इस मैच के मैन ऑफ द मैच मनीष चौरसिया रहे।

दूसरा सेमीफइनल बॉयस मैच जीएससी के मध्य हुआ। बॉयस के कप्तान आसिफ पटेल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 10 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 160 रन बनाकर 161 रनों को लक्ष्य दिया। बॉयस की ओर से इमरान ने 61और सानू ने 71 रनों की पारी खेली।लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीएससी ने 9.1 ओवर मै मात्र 52 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। बॉयस ने यह मैच 108 रन से जीत कर फाइनल में प्रवेश किया।

जीएससी की ओर से अप्पू ने 22 रन की शानदार पारी खेली। बॉयस की और से महेंद्र बर्मन ने दो ओवर में 3 रन देकर 5 विकेट लिया। इस मैच की मैन ऑफ द मैच इमरान रह। आज के दोनों सेमीफाइनल मैच की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोड़िया जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष अजय बाबा पांडे, कबीर वार्ड के पार्षद संजय भलावी, टूर्नामेंट के अध्यक्ष संजय ठाकुर, जोएब भाई और राजा बैटरी रहे। टूर्नामेंट का फाइनल 8 जून रविवार को शाम 7.30 बजे से एमसीजी ग्राउंड पर रहेगा।

# हनुमान मंदिर का होगा पुनर्निर्माण

**करेली, देशबन्धु।** विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर नगर पालिका परिषद करेली द्वारा एक भव्य एवं सराहनीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हरई माता रोड स्थित सिविल अस्पताल के समीप वृक्षारोपण के साथ की गई। पर्यावरण संरक्षण के इस पुनीत कार्य में पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, भाजपा जिला अध्यक्ष राम स्नेही पाठक, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने कर-कमलों से पौधारोपण कर आमजन को पर्यावरण के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।



पूर्व विधायक ने की 20 लाख रुपये घोषणा, नगर पालिका अध्यक्ष माताजी ने एक लाख 11 हजार तथा सुरेंद्र मोहन नेमा एक लाख रुपये की घोषणा की। नगर के अन्य वरिष्ठजन की घोषणा सहित लगभग 27 लाख रुपये एकत्रीकरण की घोषणा हुई। जिसमे निर्माण कार्य मे कोषाध्यक्ष का भार समाजसेवी विजय नेमा को सौंपा गया।

वृक्षारोपण के उपरांत नगर पालिका कार्यालय के ठीक सामने स्थित नगर के एक अत्यंत प्राचीन और श्रद्धास्थल भगवान हनुमान मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया गया। यह मंदिर राजस्थान की पत्थरों से बनाया जाएगा यह स्थल वर्षों से नगरवासियों की आस्था का केंद्र रहा है। इसके नव-निर्माण से धार्मिक आस्था के साथ-साथ नगर की सांस्कृतिक पहचान को भी बल मिलेगा।

नगर के सर्वांगीण विकास के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा विभिन्न वार्डों में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने वाले कार्यों का भूमि पूजन संपन्न हुआ। इन कार्यों में नालियों की मरम्मत, सीमेंट-कंक्रीट सड़कों का निर्माण, पेवर ब्लॉक बिछाना, विद्यालय मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्य शामिल हैं। इन सभी कार्यों की कुल अनुमानित लागत लगभग 67 लाख से अधिक है।

निरंजन वार्ड में टी.आर. सोनी के सामने स्थित पार्क का सौंदर्यीकरण, जिसमें गार्डनिंग, वॉकिंग पाथ, पेवर ब्लॉक एवं प्रकाश व्यवस्था आदि लागत 8,37,219/- रुपये। हनुमान वार्ड में तीन प्रमुख मार्गों पर पेवर ब्लॉक बिछाना, नालियों की मरम्मत एवं प्रीकास्ट स्लैब लगाने का कार्य। छोटू शर्मा से अभिषेक वैस के घर तक कत्था बाई से वीरजी तक आविद खान से बल्लू भाईजान तक कुल लागत 12,19,736/- रुपये। राधावल्लभ वार्ड में संतोष सग्गू के मकान से रामकुमार मेहतर के मकान तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य होगा। इसकी लागत 9,69,473/- रुपये आएगी।

# छत्रपति शिवाजी पर कार्यक्रम आयोजित

**पांढुर्णा/सौसर, देशबन्धु।** महाराष्ट्र के साथ साथ संपूर्ण विश्व में 6 जून को हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक, सनातन धर्म एवं संस्कृति के रक्षक आराध्य देव छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक का कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इसी कड़ी में पांढुर्णा जिले के सौसर तहसील में भी श्री शिवराय संगठन सौसर के तत्वावधान में छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर विविध कार्यक्रम संपन्न हुए।



कार्यक्रम प्रभारी और संगठन सहसचिव आयुष उदापुरकर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह वर्ष छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक का 351 वां वर्ष है। सर्वप्रथम इस शुभ अवसर पर 6 जून को सुबह 9 बजे विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ संगठन के अध्यक्ष प्रदीप बिघाने की उपस्थिति में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का महाकुंभ त्रिवेणी संगम के अमृतजल, सप्त नदियों के जल, पंचामृत से छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिमा का अभिषेक के साथ पूजन का कार्यक्रम विधिवत संपन्न हुआ। पूजन के पश्चात आदित्य दवंडे द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की शिवगर्जना जयघोष की गई।

इसके साथ ही छत्रपति शिवाजी महाराज के 351 वे राज्याभिषेक दिवस, अयोध्या में भगवान राजाराम सरकार की प्राण प्रतिष्ठा, राजमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वी जयंती एवं भारतीय सेना द्वारा चलाये गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के शुभ अवसर पर नगर के छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर भव्य सामूहिक सुन्दरकाण्ड, हनुमान चालीसा एवं महाआरती का पाठ भी संगठन एवं जन समूह द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व नपा अध्यक्ष संजय राठी ने छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रतिमा का पूजन कर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया ।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संजय राठी, लक्ष्मण चाके, श्री शिवराय संगठन के अध्यक्ष प्रदीप बिघाने, उपाध्यक्ष लाला पवार, विजय पिंपलकर, सागर आकोटकर, आदित्य दवंडे, मनोज जायसवाल, सौरभ गोखे, निखिल जूनघरे, रुद्र वाडेकर, ललित गावंडे, शिवम तुपकर, सुनील शर्मा सहित पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

# धूमा में किसानों को दी उन्नत कृषि की जानकारी

**धूमा, देशबन्धु।** धूमा ग्राम पंचायत में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम में किसानों को उन्नत तथा जैविक कृषि के संबंध में जानकारी दी गई ।

कार्यक्रम में सुदामा गुप्ता वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता, दिनेश साहू, नंदकिशोर यादव, शिवकुमार सिरबैया सदस्य भारत कृषक समाज, त्यागी शिवहरे सहित बड़ी संख्या में किसानों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रहे।

कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर आर एस ठाकुर के वी के सिवनी के द्वारा मिट्टी परीक्षण के लिए नमूना लेने के तरीके की जानकारी दी गई। बीआर अठया ने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। देवेश वाकड़े उद्यान अधीक्षक लखनादौन द्वारा उद्यान विकास की जानकारी दी गई।

ऑर्गेनिक कार्बन की कमी की समस्या रखी गई जिस पर मार्गदर्शन दिया गया कि एकदम पकी हुई गोबर की खाद, हरी खाद तथा कंपोस्ट खाद के प्रयोग से इस समस्या का निराकरण किया जा सकता है पकी हुई गोबर खाद बड़ी मात्रा में उपलब्ध न होने की समस्या को देखते हुए जबलपुर कृषि विश्वविद्यालय द्वारा तैयार एजेक्टोवेटर, पीएबी, एजोस्प्रीलियम तथा ट्राइकोडर्मा बायो फर्टिलाइजर और माइकोराइझा तथा एसपर जिलस नाइजर कवक के जीवाणुओं से उत्पादित बायो फर्टिलाइजर का एकदम पकी हुई गोबर खाद में मिश्रण करके नमीयुक्त खेत में प्रति वर्ष भुरकाव करके मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाया जा सकता है।



लगातार रासायनिक खादों के प्रयोग से जमीन कड़ी हो रही है जमीन के अंदर हवा और प्रकाश का संचार कम या शून्य हो रहा है जिससे मिट्टी में उपलब्ध जीवाणु निरंतर घट रहे हैं जो कृषि के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

पराली तथा नरवाई जलाने से भी लगातार मिट्टी में उपलब्ध आवश्यक जीवाणु नष्ट हो रहे हैं फसल चक्र अपनाकर भी मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बनाकर रखा जा सकता है अनेक कृषकगण एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

## दैनिक राशिफल

**रविवार 08 जून 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। जेष्ठ शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी, नक्षत्र-स्वाति।**

मेष - आज आप समाज और आम लोगों से वाहवाही प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही आपको आर्थिक लाभ भी हो सकता है। परिवार और वैवाहिक जीवन सुख और संतोष से भरपूर रहेगा। वाहनसुख प्राप्त कर सकेंगे।

वृषभ - शारीरिक मानसिक स्वस्थता के कारण आप अपना काम पूरा कर सकेंगे। आपको आर्थिक लाभ होगा। अस्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य में सुधार होगा। ननिहाल से अच्छा समाचार मिलेगा। ऑफिस में सहकर्मी आपकी मदद करेंगे।

मिथुन - आज संतान और जीवनसाथी के संबंध में चिंता होगी। वाद-विवाद या चर्चाओं में गहरे न उतरना हित में रहेगा। आत्मसम्मान को ठेस पहुंचेगी। मित्रों के लिए खर्च की संभावना है। पेट संबंधी बीमारियों से तकलीफ होगी।

कर्क - आपको आज आलस और भय का अनुभव होगा। मन में हताशा छा जाएगी। छाती में कोई पीड़ा या तकलीफ हो सकती है। परिजनों और सगे संबंधियों के साथ चर्चा और विवाद हो सकता है। नींद नहीं आएगी।

सिंह - आज आप शारीरिक मानसिक रूप से अस्वस्थ रह सकते हैं। भाइयों के साथ सम्बंध मजबूत बनेंगे। अपने मन के अनुसार काम कर सकेंगे। कोई छोटी यात्रा हो सकती है। आज आपको कोई बड़ा अवसर मिल सकता है।

कन्या - आपको उलझन का अनुभव होगा। मन में नकारात्मक भाव बने रहने से डर बना रहेगा। परिजनों के साथ मतभेद या विवाद हो सकता है। गलत खर्च होने की आशंका है। विद्यार्थी पढ़ाई में ध्यान केंद्रित नहीं कर सकेंगे।

तुला - यह समय आर्थिक योजनाएं बनाने के लिए बहुत अच्छा है। आपकी कलात्मकता और सृजनात्मकता बहुत अच्छी रहेगी। शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ अनुभव करेंगे।

वृश्चिक - आज आप मौज-मस्ती और मनोरंजन के पीछे धन खर्च करेंगे। शारीरिक और मानसिक समस्याएं दूर हो सकेंगी। व्यावहारिक उग्रता के कारण बड़ा विवाद हो सकता है। परिजनों के साथ मतभेद होने की आशंका भी है।

धनु - आप रोमांस के सुखद पल का आनंद उठा सकेंगे। आज का दिन आर्थिक, सामाजिक और पारिवारिक क्षेत्र के लिए अच्छा है। पारिवारिक जीवन में सुख शांति का वातावरण रहेगा।

मकर - आज आपके व्यापार में आय तथा प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में परिश्रम का अच्छा फल प्राप्त होगा। पारिवारिक और संतान सम्बंधी चिंता दूर होगी। संतोष और खुशी मिलेगी। व्यापार में थोड़ा व्यस्त रहेंगे।

कुंभ - आज आप शारीरिक अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। शरीर में ताजगी का अभाव होने से काम करने में उत्साह नहीं रहेगा। अधिकारियों से मनमुटाव होने की संभावना है। मौज-मस्ती या घूमने के पीछे खर्च हो सकता है।

मीन - स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। बीमारी के पीछे खर्च करने पड़ेंगे। अचानक धन खर्च होगा। अन्य कामकाज में भी आपको थोड़े विरोध का अनुभव करना पड़ सकता है। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव की संभावना है।

# मूंग खरीदी को लेकर सौंपा ज्ञापन

**गोटेगांव, देशबन्धु।** तहसील भारतीय किसान संघ द्वारा एसडीएम देवती परते को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संगठन ने मांग कि किसानों की ग्रीष्मकालीन फसल उड़द एवं मूंग आ चुकी है, जिसका उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में काफी कम हुआ है उसके बाद भी कृषि उपज मंडी में 1500 से लेकर 2500 रूपए तक प्रति कुंतल कम कीमत में दोनों फसल बिक रही है,जिससे किसानों को भारी नुकसान होने की संभावना है। किसानों को उम्मीद थी कि मूंग उड़द फसल की समर्थन मूल्य पर खरीदी होगी तो किसानों को होने वाले नुकसान को काफी कम किया जा सकता है ।




लेकिन मध्यप्रदेश के कृषि उत्पादन आयुक्त वर्णवाल द्वारा हाल ही में मूंग ना खरीदने के दिए गए बयान से किसानों में निराशा का माहौल बना हुआ है मूग ना खरीदने का कारण उक्त फसल को जहरीला बताया जा रहा है।

वहीं किसान संगठन ने मांग की है 卐यह जांच किस लैब में कराई गई है उसकी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए तथा फसल में उपयोग करने वाले खाद एवं कीटनाशक किसान स्वयं नहीं बनाता था कृषि वैज्ञानिकों द्वारा मान्यता प्राप्त खाद्य एवं कीटनाशकों का प्रयोग ही फसलों पर किया जाता है फिर ग्रीष्मकालीन फसल जहरीले कैसे हो गई अत: सरकार इस फैसले पर पुन विचार करते हुए ग्रीष्मकालीन उड़द मूंग की फसल समर्थन मूल्य पर खरीदी के निर्देश जारी करें अन्यथा की स्थिति में भारतीय किसान संघ चरणवृद्ध तरीके से आंदोलन करने के लिए अग्रसर होगा जिसकी समस्त जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

इस दौरान यशवंत पटेल तहसील अध्यक्ष, अभिषेक पटेल जिला महामंत्री, यशवंत पटेल तहसील मंत्री,सुरेश सिंह लोधी,अभिषेक पटेल,छतरसिंह,मनीष कुमार मिश्रा,मिथिलेश पटेल,मुन्नालाल पटेल,नवीन पटेल,लीलाधर,लालसाहब पटेल सहित बड़ी संख्या में किसान बंधु उपस्थित रहे।

# अधूरा निर्माण बना परेशानी

**जुन्नारदेव, देशाबन्धु।** नगर के वार्ड क्रमांक 01 स्थित खेड़ापति माता मंदिर के पीछे बंदेवार कॉलोनी में नगर पालिका के ठेकेदार द्वारा बीते दो माह से अधूरा निर्माण कार्य परेशानी का सबक बन गया है।



वर्षों से लंबित बाढ़ वासियों की मांग को नगर पालिका प्रशासन द्वारा जैसे तैसे बरसों बाद पूरा किया गया है किंतु अब ठेकेदार द्वारा लापरवाही बढ़ाते हुए लगभग दो माह से अधिक समय से कार्य को लंबित रखे जाने से अब वार्ड वासियों के लिए यह अधूरी सड़क खतरा साबित हो रही है जहां पर गिरकर छोटे बच्चे बुजुर्ग और महिला चोटिल हो रहे हैं।

वार्ड वासी मधु बंदेवार, गुड्डू बंदेवार राजेश, चंचलेश सिकरवार, सुरेश यादव, मोनू सिकरवार सोनू सिकरवार, पवन, राजू वन्देवार, प्रहलाद, बंटी यादव सहित समस्त वार्ड वासियों ने शीघ्र ही सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाने की मांग नगर पालिका प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से की है जिससे बारिश पूर्व सड़क बनने के बाद वार्ड वासियों को इसका लाभ मिल सके।